le: Regarding stoppage o f Sasaram-Ranchi Intercity Express at Navinagar Station, Bihar

श्री महाबली सिंह (**काराकाट**): सभापति महोदय, पूर्व मध्य रेलवे के दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अन्तर्गत ट्रेन नं. 18635, सासाराम-राँची इन्टरसिटी एक्सप्रेस, सासाराम से चलकर डिहरी-ऑप-सोन, सोननगर, अकोढ़ा, नवीनगर होते हुए झारखण्ड में गढ़वा, पलामू होते हुए राँची को जाती है ।

महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि नवीनगर स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है । वहां एन.टी.पी.सी. के बी.आर.बी.सी.एल. के दो-दो पावर प्लांट्स लगे हुए हैं । वहां से हजारों की संख्या में पदाधिकारी, कर्मचारी सासाराम, डिहरी और पलामू को जाते हैं, लेकिन इन्टरसिटी एक्सप्रेस के वहां ठहराव न होने के चलते वहां के लोगों को बहुत बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है जबकि सासाराम के बाद बिहार के किसी भी स्टेशन पर वह ट्रेन नहीं रुकती है । जब वह ट्रेन सासाराम से चलती है तो सीधे झारखण्ड के कई स्टेशनों पर रुकती है, लेकिन नवीनगर स्टेशन, जो बिहार का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, वहां पर इन्टरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव नहीं हो रहा है ।

अत: आपके माध्यम से हम सरकार से आग्रह करना चाहते हैं कि ट्रेन नं. 18635, सासाराम-राँची इन्टरसिटी एक्सप्रेस का नवीनगर स्टेशन पर ठहराव किया जाए । डिहरी रेलवे स्टेशन उस मंडल में सबसे ज्यादा राजस्व देता है । डिहरी स्टेशन पर ट्रेनों का बहुत कम ठहराव होता है, जिसके चलते वहां बहुत भीड़ लगी रहती है, इसलिए अन्य ट्रेनों का भी डिहरी स्टेशन पर ठहराव किया जाए ।